यह किसान आंदोलन, सरकार द्वारा बिना किसी विचार, बहस या अपेक्षित वोटदान के जल्दबाज़ी से संसद में अधिनियमित किए गये तीन कृषि क़ानूनों के विरोध, प्रगति में क्रांति एवं अंतर-सांस्कृतिक एकजुटता और भाईचारे का समारोह है। यह प्रदर्शन अनोखा और इस प्रकार का है जो शायद भारत की आज़ादी के बाद से ना देखा हो। किसान (प्रमुख रूप से पंजाब से) दिल्ली तक मार्च करके रामलीला मैदान में प्रदर्शन करना चाहते थे। हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकते हुए उन पर आंसू गैस और जल तोपों का इस्तेमाल किया और प्रमुख राजमार्ग जिन पर किसान दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे, उनमें 10 फीट गहरी खाइयाँ खोद दीं। शांतिपूर्ण तरीक़े से इन में से कुछ बाधाओं को पार करते हुए, किसान आगे बढ़े। उन्हें दिल्ली - पानीपत राजमार्ग पर सिंघु बॉर्डर और दिल्ली - रोहतक राजमार्ग पे टिकरी बॉर्डर पर रोका गया। बजाए इसके कि वे पुलिस के साथ तकरार करते, जिससे हिंसा भी हो सकती थी, किसान समूहों ने सीमाओं पर ही बिराजमान होने का निर्णय लिया। कुछ ही दिनों में किसानों के संग उनके परिवार को ले जाने वाले ट्रैक्टर और ट्रॉलियों का ये क़ाफ़िला, दिल्ली के कई राजमार्गों पर 30-40km लम्बा हो गया। हज़ारों की गिनती में ट्रैक्टर ट्रॉली, दिल्ली की सीमाओं को घेरते हुए, ना केवल लाखों बेबाक़ किसानों को बल्कि उनके। किसान कृतसंकल्प हैं और डटे हुए हैं की ये क़ानून निरस्त होने पर ही वे पीछे हटेंगे। दिल्ली में, आस पास के सभी राज्यों के किसान, विभिन्न सड़कों और सीमाओं से मार्च करते हुए आ रहे हैं। हज़ारों की संख्या में राजस्थान सीमा और हज़ारों की संख्या में उत्तर प्रदेश की सीमा पर भी डटे हुए है।

सरकार का आरंभिक प्रयास था इन प्रदर्शकों पर दबाव डाल कर हटाना, लेकिन वे जल्द ही समझ गए की किसान प्रदर्शकारियों का यह समूह , जो मुख्य रूप से पंजाबी सिख समुदाय से है, किसी भी दबाव में आकर विचलित नहीं होंगे और यह बात सरकार को केवल उल्टी ही पड़ेगी। फिर सरकार ने उन्हें बदनाम करने के लिए गोदी मीडिया का उपयोग कर ख़ालिस्तानी, आतंकवादी, टुकड़े टुकड़े गैंग, कांग्रिस और यहाँ तक की पाकिस्तान और चीन से आए राष्ट्रविरोधी एजेंट्स भी बता डाला। सरकार को एक और झटका लगा जब किसानों ने सरकार द्वारा नियंत्रित मीडिया समूहों का विरोध कर प्रदर्शन स्थलों पर जगह-जगह उनके बहिष्कार के साइन्बोर्ड लगा दिए। किसान समूहों ने अपने स्वयं के समाचार पत्र सहत सोशल मीडिया प्लैटफ़ार्म स्थापित कर दिए हैं जिस से वे यूटूब, फ़ेस्बुक, ट्विटर आदि द्वारा स्वयं की जानकारी का प्रसार कर सकें, और चंद दिनों में लाखों लोगों को अपने साथ जोड़ चुके हैं। यह वास्तव में एक क्रांति है।

पंजाब के अधिकांश किसान यह समझते हैं कि "कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) क़ानून, 2020" प्रभावी रूप से सरकारी मंडियों (APMC) को ख़त्म कर देगा जहाँ वे सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल बेच सकते हैं, जबकि अन्य राज्यों के किसान उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के 50-60% पर बेचने को मजबूर हैं। वे समझते हैं कि बड़ी कार्पोरेशन को यदि मंडी के बाहर सीधा किसानों से बिना मंडी शुल्क और टैक्स के फसल ख़रीदने दिया गया तो धीरे धीरे सरकारी मंडियाँ ख़त्म हो जायेंगी, सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल ख़रीदना बंद कर देगी और अंतत: किसान कोरपोरटेस के हाथ अपनी फसल को कौड़ियों के भाव बेचने को मजबूर हो जायेंगे। उनकी एजेन्सी तथा सौदेबाज़ी की शक्ति भी खो देंगे। पहले से ही, अंबानी और अडानी जैसी बड़ी कॉपरिशन्स ने बड़े पैमाने पर कृषि क्षेत्र में घुसने की घोषणा की है। अडानी समूह ने अनुमान लगाया है कि वे कृषि समुदायों में 47% व्यापार हासिल कर पायेंगे और इसके लिए वे दुनिया की सबसे बड़ी संचयन सुविधाओं का निर्माण कर रहे हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन इसलिए किया गया है ताकि वे इन बड़ी कॉर्पोरेट कंपनी को किसी भी प्रकार के खाद्यदान को होड़ कर व्यापारी आवश्यक वस्तुओं का कृत्रिम अभाव पैदा कर उन्हें ऊँची क़ीमत पर बेच सकें। दूसरा क़ानून "मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवा संबंधी किसान समझौता (सशक्तिकरण और सुरक्षा) क़ानून, 2020" इन बड़ी कॉर्पोरेट कंपनी को किसानों के साथ कॉंट्रैक्ट (अनुबंध) खेती के लिए सक्षम करती है जिसके परिणामस्वरूप किसान इन बड़ी कंपनी के बंधु मज़दूर बन जायेंगे। हालाँकि किसान स्वतंत्र रूप से इन कंपनी के साथ अनुबंध कर सकते हैं परंतु इससे संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद को अदालत के दायरे से बाहर रखा जाएगा और इन्हें स्थानीय प्रशासन अधिकारियों द्वारा ही सुलझाया जाएगा जो कि इन कंपनी के दबाव में आ सकते हैं। हालाँकि ऊपरी स्थल पर ये क़ानून किसानों के हित में उन्हें स्वराज दिलवाते और कृषि क्षेत्र को स्वतंत्र करते दिखाई पड़ते हैं परंतु बीते अनुभवों से प्रतीक होता है की अंत में ये बड़ी कंपनी को खेती और कृषि क्षेत्र को अपने नियंत्रण में करने में सक्षम बनाते हैं। किसान इन क़ानूनों को अच्छी तरह से समझ गए हैं और वे ये भी समझ गए हैं कि अंबानी और अडानी समूह विशेष रूप से इस सरकार के मुख्य वर्ग हैं जिनके लाभ के लिए ये बिल बनाए गए हैं। इसलिए किसानों ने इन वर्गों को इस प्रकार निशाना बनाया है जिस से उन्हें हानि पहुँचे।

प्रतिदिन ये प्रदर्शन जारी होने से, ये अधिक समर्थन, क़ानूनों और उनके परिणाम की बेहतर राजनीतिक बुद्धिमत्ता, एकजुटता की भावनाएँ ना केवल कृषि समुदायों बल्कि अन्य धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों के बीच भी प्राप्त हो रही है। सरकार द्वारा अपने अहंकार में जल्दबाज़ी में बिना किसी किसान समूह से विचार सभा किए, बिना संसदीय बहस के और राज्यसभा में बिना किसी अपेक्षित वोटदान के, जहाँ सरकार अल्पसंख्यक थी, ये तीन कृषि क़ानूनों को अधिनियमित किया गया। अब तीव्रता से बढ़ते हुए प्रतिरोध के तहत, अपनी हठ में आकर सरकार का इन क़ानूनों को वापिस लेने से इनकार करना, इस देश में एक खूबसूरत और अद्वितीय अग्रणी हमारे पुन: प्राप्ति करने के लिए एक क्रांति की शुरुआत हो सकती है।

प्रशांत भूषण भारत के सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले एक जनहित के वकील हैं।यह लेख उनके अंग्रेज़ी में प्रकाशित लेख का अंश है।

सड़क पर किसान

जसिंता केरकेट्टा

सड़कों पर नंगे पाँव
चल पड़ा है पूरा गाँव
अँधेरे के ख़िलाफ़ खड़ा बिहान
पूछ रहा
क्यों आत्महत्या करे किसान?
कभी सोचा है तुमने
कहाँ से यह अनाज आता है
क्या यह देश सिर्फ़ धूप खाता है?
हर एक चीज़ का दाम वसूलने वालों
तुम्हारी भूख की क़ीमत कौन चुकाता है?
क्यों खेत हल लेकर
देश के चौराहे पर पड़ा रहेगा?
क्यों उसका आँगन
नई सड़क के नीचे गड़ा रहेगा?
क्यों शहर की नींव में
कोई गाँव दबा रहेगा?
क्यों पोकलेनों से
कटकर छाँव गिरा करेगा?
क्यों अन्नदाता सड़क पर दम तोड़ेंगे
गाँव से निकलकर वे
तुम्हारे शहर को घेरेंगे
तुम्हारे बदन पर लाखों का सूट
उनके लिए नहीं पानी की एक घूँट
जिनकी जेबें भरने के लिए
किसानों का पेट तुम काट रहे
सब जानते हैं छुप-छुप कर
किस-किसके तलवे चाट रहे
क्यों तुमसे न वह आज लड़ेगा
मूर्तियाँ गिराते-गिराते
बंद कर देंगे

आप शायद सोचते हों कि ये अच्छे-भले किसान... ये विरोध-प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं. वो ऐसे कानून को वापस लिए जाने की ज़िद पर क्यों अड़े हैं जिसे सरकार ऐतिहासिक बता रही है. सत्ता के कुछ चेहरे इन्हीं किसानों की शकलों में कभी नक्सली तो कभी राजद्रोही अक्स देख रहे हैं. इस विरोध की अंतरकथा, इसकी असली तस्वीर क्या है, यह समझने के लिए हमें बड़ी बहसों और बयानों से इतर उन आंखों को देखना चाहिए, जो सवाल लेकर सत्ता की राजधानी की सीमा पर खड़ी हैं.

- पाणिनि आनंद

डॉ. संजय माधव: किसान नेता, राजस्थान

मुकेश कुलरिया

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसान आंदोलन के शाहजहांपुर मोर्चे पर राजस्थान के किसानों का बड़ा जमावड़ा 12 दिसम्बर से है। इस आंदोलन में उत्तर पश्चिमी राजस्थान और शेखावटी अंचल से बड़ी संख्या में किसान आए हुए है। इनमें से कुछ ज़िले पंजाब सीमा से सटे होने और सामाजिक-राजनैतिक नज़रिए से पंजाब से ज़्यादा क़रीब है। यहाँ आए किसान संगठनों में से एक 52 वर्षीय अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारी डॉ. संजय माधव है, जिनका पेशेवर प्रशिक्षण एक आयुर्वेदिक चिकित्सक के रूप में चूरु ज़िले में हुआ। राजस्थान के हनुमानगढ़ ज़िले से आने वाले संजय के नाना स्वतंत्रता सेनानी थे जिस कारण से ननिहाल पक्ष में राजनैतिक माहौल रहा है लेकिन इनके दादा डॉक्टर और पित्ता इंजीनीयर है तथा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इनकी माँ कांग्रेस की नेता है।

90 के दशक में छात्र जीवन के समय इनकी दोस्ती क्षेत्र के क़द्दावर वाम नेता कॉमरेड श्योपत मक्कासर के बेटे से दोस्ती हुई जहां वे वाम विचारधारा के सम्पर्क में आए। जिसके चलते इनका जुड़ाव वाम छात्र संगठन स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन अव इंडिया (SFI) से हुआ जिसके साथ उन्होंने लगभग एक दशक तक काम किया। इस दौरान संजय ने एसएफ़आई के राज्य सचिव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में काम किया। 2008 के बाद वे पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा से जुड़ गए।

मोर्चे पर अपनी दिनचर्या के बारे में संजय बताते है कि रोज़ भूख हड़ताल के लिए 11 लोगों से बातचीत कर उन्हें तैयार करना, आने वाली नई जत्थेबंदियों के रहने-खाने की व्यवस्था करना और 11 बजे तक मंच के संचालन की तैयारी करना शामिल है। अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य-सचिव होने के साथ-साथ संजय आल इंडिया किसान संघर्ष कोर्डिनेशन कमेटी के राजस्थान राज्य के समन्वयक भी है। इस पद के चलते संयुक्त किसान मोर्चा के समय-समय पर किए गए आह्वानों को क्रियान्वित करवाना और उसे मोर्चे और राजस्थान में लागू करने की ज़िम्मेदारी भी संजय के कंधों पर है।

शाहजहांपुर सीमा पर राजस्थान के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के किसान शामिल है। कल जम्मू-कश्मीर और केरल से किसानों का जत्था भी पहुँचने वाला है। वर्तमान में मोर्चा 4-5 किमी. तक फैला हुआ है। गंगानगर और हनुमानगढ़ से चले किसानों के पास बड़ी ट्रोल्लियाँ है बाक़ी किसानों के पास छोटी लोरियाँ है जिसमें रहना सम्भव नहीं है। इसलिए यहाँ लोग ज़मीन पर तम्बू लगाकर रह रहे है।

भगत सिंह से प्रेरित संजय अपने दो दशकों से ज़्यादा के ज़्यादा के राजनैतिक जीवन में कई आंदोलनों का हिस्सा बने, उनका नेतृत्व किया लेकिन इस बार का आंदोलन काफ़ी अलग है। वे कहते है, "यह आंदोलन काफ़ी व्यापक है जिसमें राजनैतिक-ग़ैर राजनैतिक हर तरह के लोग शामिल है।

1991 के बाद के उदारीकरण के बाद वाम दल जिन मुद्दों को ज़ोर-शोर से लगातार उठाते रहे, वो सब मुद्दें वाम के साथ-साथ आज आमजन भी उठा रहा है। जनआंदोलनों के लिहाज़ से यह एक ऐतिहासिक पल है। आज एक मुखर जनआवाज़ साम्राज्यवाद, सांप्रदायिकता के ख़िलाफ़ उठ रही है। हमें इस बात की ख़ुशी हैं कि आख़िरकार हमारे सालों के संघर्ष के मुद्दों की नज़ाकत को जनता ने पहचाना और उन मुद्दों पर आज सब एक होकर खड़े है। एक कार्यकर्ता के तौर पर ये मौक़ा मेरा वाम राजनीति पर भरोसे को और मज़बूत करता है।"

आज़ादी के बाद के आंदोलनों में यह आंदोलन सबसे अभूतपूर्व है। अतीत के आंदोलनों के अनुभव के बारे में संजय बताते है, "ज्यादातर आंदोलनों का प्रभाव क्षेत्र काफ़ी सीमित होता है जैसे, 1996 में राजस्थान में जयपुर में बिजली आंदोलन के दौरान 8 दिन का पड़ाव हुआ। घड़साना में 2006 में पानी को लेकर हुए आंदोलन में कई किसानों की जान गई। लेकिन एक सीमा के बाहर इनका प्रभाव नहीं पड़ा। लेकिन इस आंदोलन का प्रभाव क्षेत्र पूरा देश है। और इस आंदोलन के बाद एक बात तय है कि या तो राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को अपने तौर-तरीक़े और नीतियों में बदलाव करना होगा नहीं तो लोग उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। ये इस आंदोलन की ताक़त और जनसमर्थन है जिसके बल पर नेता खड़े है। ये बात किसान नेता भली-भाँति जानते है कि जनता उनके हर कदम को देख रही है, और किसी भी तरह के समझौतें और गलती की बिलकुल भी गुंजाइश नहीं है।"

आंदोलनों में शामिल किसानों की राजनैतिक चेतना और मुद्दे पर जागरूकता ऐसी है कि वे किसी अर्थशास्त्री-कृषिशास्त्री से विमर्श कर सकते है। इस आंदोलन में देश में चल रही बँटवारे की राजनीति के सामने एक व्यापक जन एकता का नज़र पेश किया है जिसमें छात्र, मज़दूर, किसान, व्यापारी और आमजन को एक मंच पर लाकर एक बड़े जन आंदोलन की भूमिका तैयार कर दी है । आंदोलन कब तक चलेगा और इसकी क्या परिणिति होगी ये अभी भविष्य में पता चलेगा लेकिन एक बात तय है कि इस देश की राजनैतिक दिशा इस आंदोलन से बेहतरी की और बढ़ने वाली है।

ज्योति दास

शाहजहांपुर में मेरा अनुभव

रितिक चौधरी

शा19 दिसंबर, वो दिन जब मैं शाहजहांपुर बॉर्डर पर आया। मैं कभी किसी संगठन से नही जुड़ा, और न ही किसी राजनीतिक पार्टी का समर्थक रहा हूँ। आंदोलन में आने का कारण किसानों के साथ खड़े होना, और आंदोलन को समझना था। कि किस प्रकार से इतना बड़ा आंदोलन चल रहा है। आज मुझे इस आंदोलन से जुड़े बीस दिन हो चुके है। इन बीस दिनों का मेरा अनुभव बहुत ही स्मरणीय रहा है।

शाहजहांपुर पर हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर किसान 12 दिसंबर से डटे हुए है और लगातार अपने हक के लिए सरकार के खिलाफ आवाज़ को बुलंद कर रहे है। मुझे याद है जब मैं यहां आया था तो यहां लोगो की मौजूदगी इतनी नही थी। केवल 600-700 लोग उस समय यहां पर थे। लेकिन उनके हौसले बहुत बुलंद थे। जुबान पर केवल यही बात की हम अपने हक लेने आये है और लेकर ही वापिस जाएंगे।

दूसरी तरफ हरियाणा पुलिस भी अपनी तैयारी मजबूत कर रही थी। ताकि सरकारी आदेशो के अनुसार किसानों को दिल्ली जाने से रोक जा सके। जैसे-जैसे दिन गुरजते गए लोगो की तादात बढ़ती गयी। आज 20 दिन के बाद ये संख्या कई गुना हो गयी है। उस समय यहां केवल हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कुछ क्षेत्रो के किसान ही यहां मौजूद थे। लेकिन अब यहां गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के लोग भी यहां मौजूद है।

माहौल की बात करूँ तो यहां का माहौल में सबको भाने वाला है। एक दम अनुशाषित और लोकतांत्रिक रूप से यह आंदोलन चल रहा है। विरोध के नए-नए तरीको का प्रयोग किया जा रहा है। कविता,लेखन, गीत, चित्रकारी और न जाने कितने ही अलग-अलग तरीकों से सरकार का विरोध किया जा रहा है। न केवल किसान बल्कि मजदूर, छात्र और महिला वर्ग की भी इस आंदोलन में उतनी ही अच्छी भागीदारी है। प्रतिदिन सुबह सरसों के खेतों के बीच चाय की चुस्कियों के बीच देशभक्ति गीतों की आवाज़ कान में गूंजती है। ठंड के मौसम में हज़ारो किसान एक साथ बैठकर खाना खाते है। जहां न जाति पूछी जाती है और न धर्म। एक मंच जो बिल्कुल हरियाणा-राजस्थान की सीमा पर लगा है, हर रोज़ की तरह कार्यक्रम शुरू होता है। जहां क्रांतिकारी गीत गाये जाते है,नारे लगाये जाते है, और पूरे दिन किसानों के दिल में वैसा ही जोश दिखता है जैसा सूर्योदय के समय था।

इतने सुरक्षित माहौल के बीच किसानों को कम मुसीबतों का सामना नही करना पड़ा है। अभी कुछ दिन हुई लगातार बारिश ने किसानों को परेशान भी बहुत किया। सरकार की तरह ही कुदरत ने भी किसानों के हौसलो को तोड़ने की पूरी कोशिश की, परंतु सफल नही हो सकी। किसानों के कैम्पों में पानी घुस गया, बिस्तर भींग गए। सर्द रात में किसानों ने पूरी रात जाग कर बिताई। सरकार और कुदरत दोनों को अपनी हौसलो की मजबूती से परिचित कराया।

मेरे 20 दिन के अनुभव को शब्दों में बयान करना मुश्किल है। और जो मैंने लिखा यह शायद बहुत कम है। इस आन्दोलन में बहुत से लोगो ने अपनी जान भी गवाई, जो कि बहुत ही दुःखद है। उम्मीद है ऐसी खबरें और अधिक सुनने को न मिले। सरकार भी किसानों की मुसीबतों पर ध्यान दे और जल्द से जल्द तीनो कानूनों को रद्द करें। ताकि लाखों की संख्या में देश के अलग अलग कोने से सड़कों पर बैठे किसान जल्द से जल्द खुशी खुशी अपने घर जा सके। उम्मीद है जल्द ही यह आंदोलन एक धनात्मक परिणाम के साथ खत्म होगा।

किताब या लाठी: शाहीन बाग के बाद किसान आंदोलन में "प्रतिरोध के पुस्तकालय" की भूमिका?

हर्षवर्धन (नैशनल हेरल्ड)

शाहीन बाग विरोध स्थल चला गया है, लेकिन इसकी विरासत उन लोगों को प्रेरित करती है जो अधिक समतावादी और लोकतांत्रिक भारत का सपना देखते हैं। ज्यादातर मुस्लिम महिलाओं द्वारा नेतृत्व किया गया, शाहीन बाग विरोध स्थल ने हाल के दिनों में विरोध कला के साथ सबसे अधिक सौंदर्यवादी और विचारशील प्रयोगों में से एक को प्रेरित किया। जामिया मिलिया इस्लामिया और शाहीन बाग विरोध स्थल की दीवारों और सड़कों पर रचनात्मकता के साथ विस्फोट हुआ क्योंकि छात्रों और कलाकारों ने अपने शिविर लगाए और विचारों के साथ प्रयोग किया। विरोध प्रदर्शनों ने भारत के विरोध प्रदर्शनों में बहुत वृद्धि की, जिसने दुनिया भर के लोगों की कल्पना को पकड़ लिया।

शाहीन बाग आंदोलन के सबसे विशिष्ट योगदानों में से एक 'विरोध स्थल पुस्तकालय' की शुरुआत थी। संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे लोकप्रिय प्रदर्शनों में से एक, ऑक्युपाई वॉल स्ट्रीट विरोध के दौरान एक 'विरोध पुस्तकालय' का विचार आया। ऑक्युपाई प्रदर्शनकारियों ने एक तम्बू बनाया और नवंबर 2011 में मैनहट्टन के ज़ुकोटी पार्क में 'पीपल्स लाइब्रेरी' की स्थापना की। पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के साथ पुस्तकों के 5000 से अधिक संस्करणों के साथ आयोजित इस तरह के पुस्तकालय में से एक और आखिरकार पुलिस ने उसे जला दिया।

तब से, 'पीपुल्स लाइब्रेरी' की अवधारणा ने दुनिया भर में प्रदर्शनकारियों की कल्पना पर कब्जा कर लिया। इसने 2013 में इस्तांबुल के गीज़ी पार्क की यात्रा की जब लोगों ने सार्वजनिक स्थानों के व्यावसायीकरण का विरोध किया। मेक-शिफ्ट पुस्तकालयों ने एंटी-austerity 15-एम आंदोलन (2011-15) के दौरान स्पेन के विभिन्न हिस्सों में हिस्सा ले और फिर वहां के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दौरान हांगकांग की यात्रा की।

शाहीन बाग में, छात्रों के एक समूह ने सीएए के विरोध प्रदर्शनों के बीच बस स्टैंड को एक अस्थायी पुस्तकालय में बदलने का फैसला किया। Ule फातिमा शेख सावित्रीबाई फुले लाइब्रेरी 'ने लोगों की कल्पना पर कब्जा कर लिया और जल्द ही मेक-शिफ्ट लाइब्रेरी ने बहुत से दानदाताओं को आकर्षित करना शुरू कर दिया और विभिन्न विरोधी सीएए विरोध स्थल पर समान पुस्तकालयों को प्रेरित किया।

वर्ष 2020, अन्यथा COVID-19 महामारी, आगामी अराजकता, दुख और भारतीय लोगों के हित पर बहुप्रचारित हमले का वर्चस्व वाला तीन साल के कृषि बिल के खिलाफ किसानों के उभार के साथ समाप्त हो गया। भाजपा-नियंत्रित संसद की जल्दबाजी में। किसानों का विरोध केवल तीन खेतों के कानूनों के बारे में नहीं है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते नव-उदारीकरण के खिलाफ है।

इनफैंटलाइज़ेशन के इन प्रयासों के खिलाफ, भोलापन का आरोप, विरोध-स्थल पुस्तकालय इस बात के प्रमाण के रूप में खड़े हैं कि ये लोग 'अशिक्षित लोग नहीं हैं' या 'भेड़ जैसी मानसिकता से पीड़ित हैं'। बल्कि, वे एक ठोस सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक समझ विकसित करने और उस पर कार्य करने के लिए पर्याप्त परिपक्व हैं।

ये पुस्तकालय हिंदुत्ववादी ताकतों के उदय के बाद भारतीय समाज में रेंगते हुए बौद्धिकतावाद के आलोचक भी हैं। (डिस) सूचना के युग में, जब लोग केवल स्मार्टफ़ोन के माध्यम से स्क्रॉल करके विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ बन जाते हैं, विभिन्न विषयों पर पुस्तकों वाले इन पुस्तकालयों में ज्ञान की गंभीर खोज के महत्व को पुनः प्राप्त किया जाता है। वे दक्षिणपंथी ताकतों द्वारा सामाजिक विज्ञान और मानविकी पर हमले के खिलाफ मुखरता के प्रतीक हैं जो हमेशा इतिहास के साथ-साथ वर्तमान को विकृत करने के लिए अपने शैतानी एजेंडे के अनुरूप होना पसंद करते हैं। जितना अधिक लोग गंभीर कार्यों को पढ़ते हैं, उतना ही उन्हें सत्ता पक्ष के प्रचार के खिलाफ ढाल दिया जाता है।

प्रोटेस्ट-साइट लाइब्रेरी भी सीखने के बहुत विचार का लोकतंत्रीकरण करते हैं, जो विश्वविद्यालय परिसरों, शिक्षाविदों और थिंक-टैंकों के कुलीन स्थान तक सीमित है। पुस्तकों और कठिन शैक्षणिक भाषा की बढ़ती कीमत इतिहास, दर्शन, राजनीति विज्ञान आदि के गहन ज्ञान से दूर आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से को दूर रखती है। पुस्तकों को लोगों के करीब लाने में विरोधाभाषी पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह अधिक अनुकूल वातावरण में विचारों और सूचनाओं के व्यापक प्रसार में मदद करता है, जहां लोग वास्तव में भगत सिंह, चे ग्वेरा, अंबेडकर और अन्य क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं और विचारकों के विचारों और संघर्षों से संबंधित हो सकते हैं।

ये पुस्तकालय बहुत ही अनिश्चित स्थिति में मौजूद हैं। बारिश और हवा के खतरों के अलावा, पुलिस द्वारा हिंसा और निष्कासन का आसन्न खतरा है और वैंडल द्वारा हंगामा किया जाता है। उनका अस्तित्व अवहेलना और प्रतिरोध का प्रतीक है। वे एक प्रसिद्ध उद्धरण का प्रतीक हैं जो पढ़ता है "जब आप किसी को एक किताब देते हैं, तो आप उन्हें सिर्फ कागज, स्याही और गोंद नहीं देते हैं। आप उन्हें एक पूरे नए जीवन की संभावना देते हैं "।

विचार पुस्तकों में निहित बीज होते हैं, जो लोगों के उत्थान के दौरान एक उपजाऊ जमीन पा सकते हैं और विद्रोही ऊर्जा द्वारा पोषित जंगल की आग की तरह बढ़ सकते हैं। हालांकि दाताओं की सद्भावना के आधार पर अस्थायी और श्रम गहन स्थापना, विरोध स्थल पुस्तकालय उन बीजों के भंडार हैं और इस तरह संभावनाओं से भरे हैं।

कृषि क्षेत्र की पहली जरूरत सुदृढ़ 'कोल्ड चेन'

एमएस श्रीराम प्रोफेसर, सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी, आईआईएम बेंगलुरु

काल्पनिक कैद से किसानों की रिहाई से क्या हासिल?

सरदार पटेल के कहने पर ही गुजरात में किसानों ने को-ऑपरेटिव संगठन बनाकर दुग्ध विपणन का कार्य अपने हाथ में ले लिया था। कुछ साक्षात्कारों में प्रोफेसर अशोक गुलाटी (कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष) ने फसल की विविधता और कम होते जल स्तर पर काफी गंभीर विचार व्यक्त किए हैं। कृषि बिलों का समर्थन करते हुए उन्होंने कई बार डेयरी किसानों की सफलता का जिक्र किया। अगर यह कहा जाए कि निजी क्षेत्र इस समस्या का समाधान सुझाएगा और कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा तो डेयरी का उदाहरण दिए जाने पर सवाल खड़े होते हैं। यह बाजारों के अच्छा या बुरा होने पर द्विपक्षीय बहस का मुद्दा नहीं है। यहां बात संदर्भ की है।

डेयरी के उदाहरण दिए जाते हैं तो हमें 'सुधार' के लिए आवश्यक परिस्थितियों के बारे में समझना होगा। 1940 में जब डेयरी क्षेत्र में थोड़ी-बहुत हलचल दिखाई दे रही थी, तब किसान बाजार में अपना दूध बेचने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र था। तब पोल्सन नामक एक कंपनी ने खेड़ा जिले का दूध खरीदा। किसानों की शिकायत थी कि उन्हें बाजारों में दूध के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। जब वे सरदार पटेल के पास समस्या लेकर पहुंचे, तो उनका कहना था - 'पोल्सन से छुटकारा पाओ।' इस पर किसानों ने दुग्ध हड़ताल कर दी, पोल्सन को दूध की आपूर्ति रोक दी, सारे किसान त्रिभुवन दास पटेल के नेतृत्व में एकजुट हो गए और को-ऑपरेटिव संगठन बनाकर दूध के विपणन का कार्य अपने हाथ में ले लिया। क्या 'पोल्सन से छुटकारा पाओ' का आह्वान आज कुछ उद्योगपतियों के बहिष्कार में तब्दील हो गया है? उस आह्वान का परिणाम इतिहास बन गया। अमूल को-ऑपरेटिव संघ विकसित हुआ, जहां किसान खुद मालिक बना। अमूल की कहानी शुरू होती है 1946 से। शुरुआत दूध खरीदने से हुई। फिर प्रसंस्करण शुरू हुआ। सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल सराहती रिसर्च इंस्टीट्यूट (मैसूर) की तकनीक से भैंस के दूध से मिल्क पाउडर और पनीर बनाया गया। नेस्ले के पास भी यह तकनीक नहीं थी! 27 साल बाद इन को-ऑपरेटिव समूहों ने मिलकर गुजरात फेडरेशन की स्थापना की। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अमूल के प्रदर्शन से प्रभावित हुए और उसी मॉडल का अनुकरण करते हुए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड का गठन हुआ। 1970 में शुरू हुआ भारत का डेयरी अभियान 'श्वेत क्रांति' 1996 में संपूर्ण हुआ। यह सब लाइसेंस परमिट राज के दौरान हुआ।

बाजार के प्रभाव से अलग! आज अगर डेयरी मजबूत स्तम्भ की तरह खड़ा है तो उसका आधार है-पांच दशक से अधिक का जन निवेश। वेल्यू चेन, लॉजिस्टिक्स, स्टोरेज, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की बात की जाए तो क्या संपूर्ण कृषि क्षेत्र डेयरी क्षेत्र के समतुल्य है? अगर नहीं, तो सवाल उठता है कि इसे कैसे समतुल्य बनाया जाए? इसके लिए एक रणनीति की आवश्यकता है। अपनी सफलताओं को सराहने में कोई बुराई नहीं होती। कृषि क्षेत्र के लिए जरूरी है मंडी, वेयरहाउसिंग, प्रोसेसिंग, एकत्रीकरण, कीमत निर्धारण और लॉजिस्टिक्स में निवेश की। अगर हम किसान उत्पादक संगठनों का रास्ता अपनाते हैं तो यह बेहतर होगा और विस्तारीकरण के इस काम में दशकों लग जाएंगे। नीतियों के केंद्र में इन मुद्दों पर फोकस करना जरूरी है न कि किसानों को किसी 'काल्पनिक कैद' से मुक्ति दिलाने पर। कृषि क्षेत्र के लिए एक मजबूत कोल्ड चेन विकसित किए जाने तक हम इन कृषि कानूनों को ठंडे बस्ते में डाल सकते थे। याद रखिए सरदार पटेल ने ही कहा था - 'पोल्सन न काडिनाको'। उम्मीद है सरकार उन महात्माओं से तो प्रेरणा लेगी ही, जिनको वह सराहती हैं उनके शब्दों को मूर्त रूप देने में चूक की गुंजाइश कहां है!

ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गाँव के

बल्ली सिंह चीमा

ले मशालें चल पड़े हैं लोग मेरे गाँव के ।
अब अँधेरा जीत लेंगे लोग मेरे गाँव के ।

कह रही है झोपडी औ' पूछते हैं खेत भी,
कब तलक लुटते रहेंगे लोग मेरे गाँव के ।

बिन लड़े कुछ भी यहाँ मिलता नहीं ये जानकर,
अब लड़ाई लड़ रहे हैं लोग मेरे गाँव के ।

कफ़न बाँधे हैं सिरों पर हाथ में तलवार है,
ढूँढने निकले हैं दुश्मन लोग मेरे गाँव के ।

हर रुकावट चीख़ती है ठोकरों की मार से,
बेड़ियाँ खनका रहे हैं लोग मेरे गाँव के ।

दे रहे हैं देख लो अब वो सदा-ए-इंक़लाब,
हाथ में परचम लिए हैं लोग मेरे गाँव के ।

एकता से बल मिला है झोपड़ी की साँस को,
आँधियों से लड़ रहे हैं लोग मेरे गाँव के ।

तेलंगाना जी उठेगा देश के हर गाँव में,
अब गुरिल्ले ही बनेंगे लोग मेरे गाँव में ।

देख 'बल्ली' जो सुबह फीकी दिखे है आजकल,
लाल रंग उसमें भरेंगे लोग मेरे गाँव के ।

EMAIL: timestrolley@gmail.com
WEBSITE: www.trollytimes.online
FACEBOOK: trolleytimes
TWITTER: timestrolley
INSTAGRAM: trolley_times_official
SCAN THIS FOR A PDF

We are thankful to Suchetna Singh, Khushveer Dhaliwal, Pawan Puneet Brar and Sargam Toor.

किसान मज़दूर संघर्ष के महानायक - सरदार तेजा सिंह सुतन्तर

एडवोकेट सिमरनजीत कौर गिल

आज के किसान संघर्ष में जहाँ 1907 के 'पगड़ी सँभाल जट्टा' आंदोलन हमारे जीत के जज़्बे को बल दे रहा है वहीँ हमारे वो उन स्वत्रंत्रता सेनानी, जिन्हें हम आज के समय में बदल रहे इतिहास के चलते हौले हौले भुलाते जा रहे हैं, का जीवन आज भी हमारा पथ प्रदर्शन कर रहा है। इन्हीं महान नेताओं में से एक थे सरदार तेजा सिंह सुतन्तर। आप वो महान किसान कामगार नेता थे जिन्होंने अपनी पूरी उमर संघर्ष के नाम कर दी। इन्होंने जहाँ गदर लहर के योद्धाओं के रहनुमाई में देश की सेवा की और 'किरती किसान यूनियन' के नेता बनकर किसान कामगार संघर्षों की अगवाई भी की।

सुतन्तर जी का जन्म पँजाब के ज़िला गुरदासपुर के गाँव अलूणा में 16 जुलाई 1901 को भाई किरपाल सिंह जी के घर हुआ। उनका पहला नाम समुंद सिंह रखा गया था। स्कूली शिक्षा पूरी करके उन्होंने ख़ालसा कालेज अमृतसर में दाखिला लिया और 18 साल की उम्र तक सरदार अजीत सिंह के लैक्चरों से लेकर सूफ़ी अंबा प्रसाद और लाला हरदयाल के लेखों का गहन अध्ययन कर चुके थे। 13 अप्रैल 1919 के जलियांवाला बाग़ के निर्मम कांड से आहत होकर वो ख़ालसा कॉलेज छोड़कर ब्रिटिश हुकूमत के ख़िलाफ़ विद्रोह में कूद पड़े। तब से लेकर आप देहांत तक ख़िलाफ़त आंदोलन से लेकर अकाली लहर और किरती किसान आंदोलन में आगे बढ़कर भाग लेते रहे।

सरदार तेजा सिंह सुतन्तर ने साल 1920 से 1925 तक गुरुद्वारा सुधार लहर में जी जान से काम किया। अपने पिता से प्रेरणा लेकर उन्होंने अपने इलाके में सिख भाईचारे का एक स्वतंत्र (पंजाबी में सुतन्तर) जत्था तैयार किया जिसने 6 सितंबर 1921 को गुरदासपुर ज़िले के गाँव तेजा कलां, वीला तेजा के गुरद्वारा को चरित्रहीन महंतों के कब्जे से स्वतंत्र करवाया। तब से इस स्वतन्त्र जत्थे के अगुआ बनकर तेजा के गुरद्वारा के नाम से समुंद सिंह का नाम तेजा सिंह सुतन्तर हो गया।

एक धर्म प्रचारक होने से लेकर गदरी बाबाओं के साथ स्वतन्त्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाते हुए वो हमेशा एक किसान रहे और किसान मज़दूरों के हक की मशाल जलाए रखने वाले तेजा सिंह 'लाल झंडा' पत्र के संपादक भी रहे। स्वतन्त्रता संग्राम को जंगी अंदाज़ से लड़ना सीखने के लिए उन्होंने 'आज़ाद बेग' नाम से तुर्की की फौज में भर्ती होकर सैनिक सिखलाई भी ली। इसके साथ वो बर्लिन के रास्ते यूरोपी देशों की यात्रा करते हुए अमेरिका जा पहुँचे और वहाँ के भारतीयों को क्रांति के लिए एकजुट किया। फ़िर आपने दक्षिणी अमेरिका का रुख़ किया और मैक्सिको, क्यूबा, पनामा, अर्जेंटीना, उरुग्वे और ब्राज़ील गए जहाँ इन्हें किसान महानायक सरदार अजीत सिंह (शहीद भगत सिंह के चाचा अजीत) के संग में और परिपक्व हुए। फ़िर आप अमेरिका में किरती किसान सभा के हैडक्वार्टर होते हुए आप भारत में सभा के दिशा निर्देशों को संघर्ष में तब्दील करने के लिए पंजाब लौट आए।

जनजागृति के लिए आप शिक्षा को बहुत प्रचारित करते थे और उसके लिए उन्होंने जनसामान्य के सहयोग से पातड़ां में 'किरती कॉलेज' कीं नींव रखी जो आज के पंजाब के पटियाला ज़िला में स्थित है। उनके देहांत के बाद राज्य सरकार ने यह कॉलेज अपने अधिकार में ले लिया।

आप लाल कम्युनिस्ट पार्टी हिन्द यूनियन के राष्ट्रीय कमेटी मेंबर और जनरल सेक्रेटरी भी रहे और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक मैंबर बने। 1937-45 तक पंजाब लेजिस्लेटिव असेंबली और 1964-69 तक पंजाब लेजिस्लेटिव काउंसिल में रहे सुतन्तर 1971 में आप पँजाब के संगरूर संसदीय क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी के सांसद बनकर भारतीय संसद में किसान मज़दूर की आवाज़ बनकर दाखिल हुए। 12 अप्रैल 1973 को 72 वर्ष की उम्र में संसद में किसान हितों पर बहुत भावुकता से बोलते हुए उन्हें दिल का दौरा आया जिससे उनका देहांत हो गया।

किसान मज़दूर संघर्षों के महानायकों में से एक सरदार तेजा सिंह सुतन्तर जी के शरीर की मृत्यु को चाहे आधी शताब्दी होने को है लेकिन किसान मज़दूर का नारा बुलंद करती उनकी आवाज़ 2020 की किसान क्रांति में भी गूँज रही है और आगे भी गूंजती रहेगी। हमारे ऐसे बेमिसाल जननायक को हमारा प्रणाम है।

कौन हैं वे किसान संगठन जो कृषि क़ानूनों पर मोदी सरकार को दे रहे हैं समर्थन?

बसंत कुमार, न्यूज़ लॉंड्री // सरल रूप - सुचेतना सिंह

	मोदी सरकार के झूठे दावे	उनकी सचाई
1	केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर अलग-अलग 'किसान संगठनों' से कृषि कानूनों के समर्थन का दावा कर रहे हैं । उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा "लखनऊ उत्तर प्रदेश के "राष्ट्रीय युवा वाहिनी" से प्राप्त नए कृषि सुधार कानूनों के समर्थन में प्राप्त पत्र"।	इस संस्थान के प्रमुख उद्देश्य के रूप में 'गौशालाओं और अनाथ आश्रमों का निर्माण, गोरक्षा, भ्रष्टाचार उन्मूलन में सहभागिता' लिखा हुआ है और कृषि शब्द का जिक्र कहीं भी नहीं है।
2	कृषि क़ानूनों का समर्थन कर रहे 12 'किसान संगठनों' से मिला पत्र दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में किसान संगठनों के प्रमुखों ने उन्हें सौंपा।	इन 12 में से पांच संगठनों के प्रमुख भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं। एक संगठन खुद को बीजेपी का सहयोगी संगठन होने दावा करता है।
3	राष्ट्रीय युवा वाहिनी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरीश गौतम द्वारा लिखित समर्थन पत्र की शुरुआत में लिखा है, "राष्ट्रीय युवा वाहिनी (भारतीय जनता परिषद) सदैव ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोग में रही है। आज राष्ट्रीय युवा वाहिनी किसान बिलों के समर्थन में सम्पूर्ण रूप से सरकार के साथ है।"	राष्ट्रीय युवा वाहिनी संगठन बीजेपी का सहयोगी संगठन है। यह बात उनके लेटर हेड पर भी लिखी हुई है।
4	राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी शर्मा संगठन के खेती-किसानी से जुड़ाव के संबंध में पूछे गए सवाल पर उनका जवाब है, "हमारे संगठन में किसान प्रकोष्ट भी है"।	किसान प्रकोष्ट के प्रमुख के बारे में जानकारी मांगने पर शर्मा बताते हैं, "अभी तक इस पद पर कोई नहीं है। अलग से हमने किसी को भागीदारी नहीं दी है।"
5	केडी शर्मा कहते हैं, "दिल्ली में जो प्रदर्शन हो रहा है उसमें किसान तो हैं ही नहीं। किसानों को विपक्ष बरगला रहा है"।	जब उनसे पूछा गया की कृषि बिल के समर्थन में प्रदर्शन करने पर कितने किसान उनके साथ आ सकते हैं, इस सवाल के जवाब में शर्मा बताते हैं, "24 घंटे हमारे साथ एक हज़ार लोग ऐसे हैं जो कहीं भी प्रदर्शन करने आ सकते हैं। इसमें 250 किसान होंगे। 250 किसान हमारे साथ कभी भी आ सकते हैं।" केवल 250!
6	केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन द्वारा कृषि बिलों के समर्थन में लिखा एक पत्र साझा किया। तोमर लिखते हैं "लखनऊ उत्तर प्रदेश के 'राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन' से नए कृषि सुधार कानूनों के समर्थन में प्राप्त पत्र। जिसमें कहा गया कि हम पूर्ण रूप से सरकार के साथ हैं।"	राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के अध्यक्ष राम निवास यादव है जिनके इस समर्थन पत्र पर भी हस्ताक्षर हैं। राम निवास यादव बीजेपी के समान्य सदस्य नहीं हैं बल्कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीजेपी के सात साल तक जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वह साल 2019 में 22 दिसंबर तक इस पद पर थे, जिसके बाद से वे पार्टी के वरिष्ठ सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं।
7	सरकार को समर्थन देने वाले संगठनों में हरियाणा के पलवल जिले के प्रगतिशील किसान क्लब और गुरुग्राम का उन्नतशील किसान क्लब भी शामिल है। प्रगतिशील किसान क्लब के लेटर हेड पर लिखे गए पत्र को साझा करते हुए कृषि मंत्री ने लिखा 'हरियाणा के "प्रगतिशील किसान क्लब" से प्राप्त नए कृषि सुधार कानूनों के समर्थन में प्राप्त पत्र'।	केंद्रीय कृषि मंत्री ने लिखा कि हरियाणा के प्रगतिशील किसान क्लब से उन्हें समर्थन मिला है लेकिन ऐसा नहीं है। यह समर्थन सिर्फ एक जिले के क्लब प्रमुख द्वारा दिया गया है। हिसार के क्लब प्रमुख राजेंद्र लम्बा और फतेहाबाद के बलबीर सिंह घरवाल से बात होने पर दोनों ने बताया कि "हम लोग इसके खिलाफ हैं। बलबीर सिंह घरवाल बताते हैं कि हमारे लोग तो दिल्ली के टिकरी बॉर्डर भी गए हैं। हम इसके खिलाफ हैं।"
8	सरकार के लिखे अपने पत्र में इन दोनों संगठनों ने एक वाक्य में अपना समर्थन देते हुए लिखा है, "हम सरकार द्वारा किसानों के हित में लागू हुए कृषि कानूनों का समर्थन करते हैं।"	पलवल के प्रगतिशील किसान क्लब के प्रमुख बिजेंद्र सिंह दलाल भारतीय जनता पार्टी से जुड़े तो नहीं हैं लेकिन उनके सोशल मीडिया पर बीजेपी नेताओं के साथ कई तस्वीरें नजर आती हैं। कहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठे हैं, कहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ। वहीं दूसरी तरह उन्नतिशील किसान क्लब के गुरुग्राम प्रमुख मानसिंह यादव साल 2019 में इनेलो छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। एक तरफ हरियाणा के लाखों किसान सड़कों पर हैं। अपने संगठन के बारे में बताते हुए दलाल कहते हैं, "हम कोई किसान यूनियन नहीं हैं। हम प्रगतिशील किसान हैं। सरकार की तरफ से जो अच्छे काम होते हैं हम किसानों तक पहुंचाते हैं। हमारे संगठन से लगभग 500 किसान जुड़े हुए हैं"।
9	मानसिंह यादव ने कृषिमंत्री से मुलाकात के बाद मीडिया से कहते नज़र आते हैं, "किसान एक ऐसी बिरादरी है जिसको कोई भी बहका सकता है। यदि इस अध्यादेश को पढ़ लें तो सारा रोग खत्म हो जाएगा। लोग बहकावे में आ ही सकते हैं। बाकी जो 70 साल से एक मामला चलता आ रहा है। हमारे अनाज की जो बोली लगती है वो खत्म होगी। कुछ ना कुछ बदलाव तो चाहिए. 70 साल से बदलाव नहीं हुआ तो हम गरीब के गरीब हैं. एकबार इसे देख लो।"	जब मानसिंह यादव से पूछा कि क्या उन्होंने तीन क़ानूनों को पढ़ा है तो इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "हम तो अनपढ़ आदमी हैं। हमने कानून की पेचीदिगियों की समझ भी नहीं है। हमारे क्लब के अधिकांश सदस्यों का मानना है कि 70 साल से हम एक ढर्रे पर चल रहे थे। कोई बदलाव हुआ है तो उसे देखना चाहिए। क्या पता हमें यहां ग्राहक ज़्यादा मिल जाएं। एक बार इसका परिणाम तो देख लेते फिर तय करते।"
10	कृषि मंत्री ने अखिल भारतीय बंग परिषद' नाम के एक संस्थान द्वारा कृषि कानूनों के समर्थन में सरकार को पत्र को साझा करते हुए लिखा "अखिल भारतीय बंग परिषद' से नए कृषि सुधार कानूनों के समर्थन में प्राप्त पत्र। उन्होंने कहा कि ये कृषि कानून, किसानों की आर्थिक दशा को सुधारने में सहायक बनेंगे।	डेढ़ साल पहले बने 'अखिल भारतीय बंग परिषद' के मुख्य उद्देश्यों में खेती-किसानी शामिल नहीं है। इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली में रहने वाले अरुण मुखर्जी भारतीय जनता पार्टी के नेता के साथ-साथ आरएसएस के व्यापारिक संगठन स्वदेश जागरण मंच के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी हैं। दिल्ली सरकार और बीजेपी के बीच एमसीडी के कथित 13000 करोड़ की मांग को लेकर बीजेपी द्वारा किए गए प्रदर्शन में मुखर्जी शामिल भी हुए हैं।
11	कृषि मंत्री ने इंडियन किसान यूनियन नाम के एक संगठन द्वारा कृषि कानूनों के समर्थन में सरकार को पत्र को साझा करते हुए लिखा "नई दिल्ली के "इंडियन किसान यूनियन" से प्राप्त नए कृषि सुधार क़ानूनों के समर्थन में प्राप्त पत्र। उन्होंने इन क़ानूनों को किसान हितैषी व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाला बताया।"	इंडियन किसान यून्यन के प्रमुख 55 वर्षीय चौधरी राम कुमार वालिया हैं, जो उत्तराखंड के मान्यता प्राप्त राज्यमंत्री रह चुके हैं। लम्बे समय तक कांग्रेस में रहे वालिया अब भारतीय जनता पार्टी से जुड़ गए हैं।
12	भारतीय कृषक समाज से मिले समर्थन पत्र को साझा करते हुए कृषि मंत्री ने लिखा, "गाज़ियाबाद उत्तर प्रदेश के "भारतीय कृषक समाज" से प्राप्त नए कृषि सुधार कानूनों के समर्थन में पत्र। उन्होंने इस पत्र में कृषि कानूनों का समर्थन करते हुए इसे किसान हित में एक बड़ा साहसिक व ऐतिहासिक कदम बताया है"।	कृष्णवीर चौधरी भी बीजेपी के सदस्य हैं। वे खुद को समान्य कार्यकर्ता बताते हुए कहते हैं कि करोड़ो लोगों की तरह मैं भी बीजेपी का एक सदस्य हूँ। भारत सरकार को कृषि बिलों पर समर्थन देने के साथ-साथ इनकी भूमिका अन्य कई संगठनों से समर्थन दिलाने में भी नजर आती है।